abp न्यूज़

# रियल एस्टेट में आने वाला है बूम! RBI के इस फैसले से खूब बढ़ सकती है घरों की डिमांड, जानें एक्सपर्ट्स की राय

RBI Repo Rate Cut: SBI की एक रिपोर्ट के मुताबिक 4 से 6 अगस्त के बीच रिजर्व बैंक की होने वाली मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती होने की घोषणा की जा सकती है.

By : एबीपी बिजनेस डेस्क | Edited By: अरिजिता सेन | Updated at : 03 Aug 2025 06:08 PM (IST)




भारतीय रिजर्व बैंक

**RBI Repo Rate Cut:** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से एक बार फिर रेपो रेट में कटौती किए जाने की बात की जा रही है. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 4 से 6 अगस्त के बीच रिजर्व बैंक की होने वाली मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती होने की घोषणा की जा सकती है.

## मिड-सेगमेंट बायर्स की बढ़ेगी भागीदारी

एम2के ग्रुप के हेड ऑफ मार्केटिंग, सेल्स और सीआरएम डॉ. विशेष रावत का कहना है कि पिछली बार रेपो रेट में की गई कटौती का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिससे होम लोन की ब्याज दरें कम हुईं और मिड-सेगमेंट बायर्स की भागीदारी बढ़ी.

अगर आने वाली पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई 25 बेसिस प्वाइंट की और कटौती करता है, तो इससे रियल एस्टेट सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी. इससे न केवल खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि डेवलपर्स को भी प्रोजेक्ट्स के लिए किफायती दरों पर फंडिंग मिलेगी, जिससे निर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी.